ARMOURED VEHICLES
AVANI
सर्वा: प्रदिशो जयेम

# अवनि समाचार

# NEWSLETTER

अंक/Edition : 10

जनवरी - मार्च 2024
January-April 2024

## रक्षा राज्य मंत्री का दौरा



दि. 15.01.2024 को माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने एवीएनएल इकाई आयुध निर्माणी मेदक (आ.नि.मे.) का दौरा किया और चालू उत्पादन तथा अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने नए उत्पाद विकास के महत्व पर जोर दिया और आ.नि.मे. में किए जा रहे स्वदेशीकरण एवं आधुनिकीकरण प्रयासों पर एवीएनएल को बधाई दी । श्री संजय द्विवेदी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/एवीएनएल रक्षा राज्य मंत्री के दौरे के दौरान श्री के. सुधाकर सीजीएम/आ.नि.मे. के नेतृत्व वाली आ.नि.मे. की टीम के साथ उपस्थित थे।

# Visit of RRM

On 15.01.2024, Hon'ble RRM Shri. Ajay Bhatt, Ministry of Defence, Government of India visited AVNL unit OFMK and took review of ongoing production and R&D activities. He emphasized the importance of new product development and congratulated AVNL on the indigenization and modernization efforts being taken at OFMK. Shri Sanjay Dwivedi, CMD/AVNL was present during the visit along with OFMK team led by Shri K. Sudhakar, CGM/OFMK.



# स्थानान्तरण / Transfers

श्री के. विजय दत्त ने दि. 29.01.2024 को प्रतिनियुक्ति से प्रत्यावर्तन पर एवीएनएल नि.का. में महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

Shri K. Vijay Dat, GM has assumed responsibilities as General Manager at AVNL CO on repatriation from deputation on 29.01.2024.

"अवनि" परिवार की ओर से उक्त अधिकारी का हार्दिक स्वागत है ।

Hearty welcome to the above officer on behalf of "Avani" family.

# सचिव/र.उ. का दौरा / Visit of Secretary/DP



दि. 13.02.24 को श्री गिरिधर अरमाने, आईएएस, सचिव/र.उ. ने उत्पादन गतिविधियों एवं चालू अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड कॉर्पोरेट कार्यालय, भारी वाहन निर्माणी एवं इंजिन निर्माणी, आवडी का दौरा किया। भारी वाहन निर्माणी में रक्षा सचिव ने एमबीटी अर्जुन शॉप का दौरा कर जनरल असेंबली शॉप, हल शॉप एवं ट्रांसमिशन शॉप जैसे उत्पादन अनुभागों का निरीक्षण किया । इसके बाद उन्होंने भा.वा.नि. परिसर में वृक्षारोपण किया । इसके बाद रक्षा सचिव ने इंजिन निर्माणी आवडी में विनिर्माण सुविधाओं का निरीक्षण किया, जहां उन्हें टैंक इंजिनों का विनिर्माण एवं ओवरहालिंग के बारे में बताया गया। इं.नि.आ. में एएफवी (टी-72, टी-90, बीएमपी-II और वेरिएंट) के सभी इंजिनों का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें आत्मनिर्भर भारत की भावना में पूरी तरह से स्वदेशी बनाया गया है। इसके बाद सचिव ने इं.नि.आ. में वृक्षारोपण किया । रक्षा सचिव ने प्रूफ़ रेंज का भी दौरा किया जहां टी-72 टैंक की प्रूफ़ फायरिंग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन (लाइव शो) किया गया।

भा.वा.नि. एवं इं.नि.आ. के दौरे के बाद, रक्षा सचिव ने एवीएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने श्री संजय द्विवेदी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं एवीएनएल अधिकारियों के साथ चर्चा की । बैठक के दौरान एवीएनएल निदेशक मंडल, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम), भा.वा.नि., इं.नि.आ. एवं एवीएनएल निगम कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । चर्चा अनुसंधान एवं विकास, नए उत्पाद विकास, स्वदेशीकरण पहल एवं समग्र दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर केंद्रित थी । सचिव ने वैश्विक विनिर्माण प्रथाओं एवं गुणवत्ता के उच्चतम स्तर पर जोर दिया।

On 13.02.24, Shri Giridhar Aramane, IAS, Defence Secretary, visited the Armoured Vehicles Nigam Limited Corporate office, Heavy Vehicles Factory and Engine Factory Avadi for a review of production activities and ongoing R&D projects. At Heavy Vehicles Factory, Defence Secretary visited MBT Arjun Shop. He also visited various other production shops at HVF like General Assembly Shop, Hull Shop and Transmission Shop. Then Secretary/DP had participated in a tree plantation ceremony.

The Defence Secretary then visited manufacturing facilities at Engine Factory Avadi, where he was explained about Tank Engine manufacturing and overhauling. EFA demonstrated all the Engines of AFVs (T-72, T-90, BMP-II and variants) which have been fully indigenised in the spirit of Atma Nirbhar Bharat. The Secretary then planted tree at EFA also. Defence Secretary also visited the Proof Range wherein a live demonstration of the proof firing of the T-72 tank was given.

After visit to HVF and EFA, the Defence Secretary also visited AVNL Corporate Office, where he engaged in discussions with AVNL officers led by Shri. Sanjay Dwivedi, IOFS, CMD / AVNL. AVNL Board of Directors, Chief General Managers (CGM), and other senior officials of HVF, EFA, and AVNL CO were present during the Interaction Meeting. The discussions focused on R&D, new product development, indigenization initiatives and increasing overall efficiency and competitiveness. The Secretary laid emphasis on global manufacturing practices and highest levels of quality.



# विशिष्ट अतिथियों का आगमन / VIP VISITS

1. रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने दि. 07.01.2024 को एवीएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया । उन्होंने श्री संजय द्विवेदी, सीएमडी/एवीएनएल के साथ एवीएनएल की भविष्य की योजनाओं, विशेष रूप से एमबीटी अर्जुन के उत्पादन एवं पावरपैक पहल के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

Dr. Samir V Kamat, Secretary, Department of Defence R&D and Chairman, DRDO, visited AVNL Corporate Office on 07.01.2024. He engaged in detailed discussions with Shri. Sanjay Dwivedi, CMD/AVNL, exploring AVNL's future plans, particularly in MBT Arjun production and powerpack initiatives.





2. दि.15.03.2024 को, श्री शलभ त्यागी, संयुक्त सचिव (पी एंड सी), रक्षा उत्पादन विभाग एवं सरकारी नामित निदेशक/एवीएनएल ने निदेशक मंडल की बैठक में भाग लेने और चालू उत्पादन और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए एवीएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने भा.वा.नि., इं.नि.आ. एवं प्रूफरेंज आवडी का भी दौरा किया।

On 15.03.2024, Shri Shalabh Tyagi, JS(P&C), DDP and Govt. nominee Director/ AVNL visited AVNL Corporate office to attend board of directors meeting and take review of ongoing production and R&D activities. He also visited HVF, EFA and Proof Range Avadi.

3. दि. 22.02.2024 को श्री. टी. नटराजन, अपर सचिव/रक्षा उत्पादन, रक्षा मंत्रालय ने उत्पादन स्थिति एवं अनुबंध प्रबंधन में हो रही चुनौतियों की समीक्षा करने के लिए एवीएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया।

Shri. T. Natarajan, AS/DP, MoD visited AVNL Corporate office on 22.02.2024 to take review of production status and ongoing challenges in contract management.



# समझौते ज्ञापन / MOUs

दि. 24.01.2024 को एवीएनएल ने सीएसआर के एक हिस्से के रूप में भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु सहयोग करने के लिए राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस पहल के माध्यम से, एवीएनएल भारत में विरासत स्थलों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के लिए समर्थन करेगा। एवीएनएल की ओर से श्री बि.पट्नायक निदेशक/मा.सं. एवं एनसीएफ की ओर से श्रीमती संयुक्ता मुदगल, अपर सचिव, संस्कृति मंत्रालय द्वारा समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । श्री एम. सिवकुमार, म.प्र./एवीएनएल नि.का. और श्री अरविंद कुमार, एनसीएफ के सदस्य सचिव समझौते ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह के दौरान उपस्थित थे।

On 24.01.2024, AVNL signed an MoU with National Culture Fund (NCF) towards collaborating for the preservation of the cultural heritage of India as a part of CSR. Through this initiative, AVNL will be supporting the heritage sites in India for their protection, conservation and restoration. The MoU was signed by Shri. B. Pattanaik DIR/HR from AVNL side and Smt. Sanjukta Mudgal, Additional Secretary, Ministry of Culture from NCF side. Shri. M. Sivakumar GM/ AVNL CO and Shri. Arvind Kumar, Member Secretary, NCF were also present during the MoU signing ceremony.



# अनुबंध / CONTRACTS

एवीएनएल ने 693 आईसीवी बीएमपी-II सारथ वाहनों को अपग्रेड करने के लिए भारतीय सेना के साथ अपने पहले बड़े अनुबंध पर हस्ताक्षर किए । अपग्रेड में उन्नत मारक क्षमता, रात-सक्षम फायर कंट्रोल सिस्टम (एफसीएस), स्वचालित लक्ष्य ट्रैकिंग, उन्नत मिसाइल फायरिंग क्षमताएं एवं कई अत्याधुनिक समकालीन विशेषताएं हैं । गृह विकास एवं अनुसंधान परियोजना के माध्यम से विकसित इस अपग्रेडेशन को कठोर प्रदर्शन मूल्यांकन और क्षेत्र परीक्षणों से गुजरना पड़ा है।

AVNL signs its first major contract with the Indian Army for upgrading a fleet of 693 ICV BMP-II Sarath vehicles. The upgrade features enhanced firepower, night-enabled Fire Control System (FCS), automatic target tracking, next-generation missile firing capabilities and many more state-of-the-art contemporary features. Developed through an in-house R&D project, these advancements have undergone rigorous performance evaluation and field trials.



# महिला दिवस / WOMEN’S DAY CELEBRATIONS

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एवीएनएल ने दि.10.03.24 को एवीएनएल इस्टेट, आवडी में अंबत्तूर अरिमास एवं चेन्नई रनर्स के सहयोग से 10 कि.मी. मैराथन का आयोजन किया।

On the occasion of International Women’s Day AVNL organized 10 Km. Marathon at AVNL Estate, Avadi in collaboration with Ambattur Arimass and Chennai Runners on 10.03.24.




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर, एवीएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय की सभी महिला कर्मचारियों के लिए डॉ (श्रीमती) वीणा बालामुरुगन, एमबीबीएस, डीएमसीएच, एएमए द्वारा महिला स्वास्थ्य पर एक ज्ञानवर्धक संगोष्ठी दी गई ।

On the occasion of the International Women’s Day celebration, an enlightening Seminar on Women’s Health was given by Dr.(Mrs.) Veena Balamurugan, MBBS, DMCH, AMA, for all women employees of AVNL Corporate Office and IOL, Avadi.



# एमएसएमई सम्मेलन / MSME Conclave

दि. 29 फरवरी, 2024 को रक्षा मंत्रालय ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) के माध्यम से आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) एवं भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के सहयोग से हैदराबाद में एक क्षेत्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सम्मेलन का आयोजन किया । इस सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में श्री संजय द्विवेदी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/एवीएनएल ने उद्योग जगत से स्वदेशीकरण पहल एवं आयात विकल्पों के विकास के लिए एवीएनएल के साथ साझेदारी करने का आह्वान किया ताकि 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सके। उन्होंने उद्योग भागीदारों से मौजूदा उत्पादों को उन्नत करने एवं नए उत्पादों को विकसित करने पर सहयोग करने का भी आग्रह किया।

On February 29th, 2024, Ministry of Defence (MoD), through the Society of Indian Defence Manufacturers (SIDM), organized a Regional MSME Conclave in Hyderabad in collaboration with Armoured Vehicles Nigam Limited (AVNL) and Bharat Dynamics Limited (BDL). In a keynote address, Shri. Sanjay Dwivedi CMD/AVNL called upon the industry to partner with AVNL for indigenization initiatives and the development of import substitutes to achieve self-reliance under the 'Aatmanirbhar Bharat' initiative. He also urged industry partners to collaborate on upgrading existing products and developing new ones.



# कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी / CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY

एवीएनएल सीएसआर में उत्कृष्टता और एक स्थायी और न्यायसंगत भविष्य की दिशा में समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएसआर में उत्कृष्टता के लिए एवीएनएल को प्राप्त पुरस्कारों पर विश्व सीएसआर दिवस पोर्टल में कियागया पोस्ट:

दि.18.02.24 को एवीएनएल को दो परियोजनाओं के लिए विश्व सीएसआर कांग्रेस के 13वें संस्करण के तहत आयोजित प्रतिष्ठित ग्लोबल सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है:

1. अखनूर, जम्मू और कश्मीर में प्रशिक्षण भागीदार के रूप में 10 आईएनएफ डिवीजन (क्रॉस स्वॉर्ड डिवीजन), और राष्ट्रीय अखंडता और शैक्षिक विकास संगठन (एनआईईडीओ) के साथ साझेदारी में स्वर्णिम मूल्य-आधारित शैक्षिक उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देना:- इस परियोजना के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण, अर्ध-ग्रामीण, गैर-शहरी क्षेत्रों एवं पहाड़ी क्षेत्रों के 30 वंचित बच्चों को 12 महीने की अवधि के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

2. दि. 07.02.2024 को एवीएनएल ने बाल विकास संस्थान, आवडी में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ऐलिंको) के सहयोग से सीएसआर के तहत 8 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए । इस परियोजना के माध्यम से एवीएनएल ने तिरुवल्लूर जिले में वंचित वर्ग के 335 लाभार्थियों को सहायता एवं उपकरण प्रदान किए ।

एवीएनएल सीएसआर एवं राष्ट्र निर्माण में सहायता के माध्यम से वंचितों को सशक्त बनाने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। एवीएनएल सकारात्मक परिवर्तन का प्रभाव पैदा करने, सतत विकास को बढ़ावा देने एवं उन लोगों के जीवन को ऊपर उठाने का प्रयास करता है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।



AVNL is committed to excellence in CSR and bring a positive change in society towards a sustainable and equitable future.

Post from World CSR Day on awards recieved by AVNL for excellence in CSR :

On 18.02.24, AVNL has been awarded with prestigious Global CSR Excellence Award organised under aegis of World CSR Congress 13th edition for the two projects:

1. Development of Infrastructure, promoting education and youth empowerment through Swarnim Centre Of Value-Based Educational Excellence in partnership with 10 Inf Div (Cross Sword Div), and National Integrity and Educational Development Organisation (NIEDO) as training partner in Akhnoor, Jammu & Kashmir. Through this project, 30 underprivileged children of Jammu & Kashmir hailing from economically weaker sections, especially from rural, semi-rural, non-urban areas, and hilly areas will be trained for competitive examinations for a period of 12 months.

2. On 07.02.2024, ANVL distributed aids and appliances to 8 Divyangjan children under CSR in collaboration with Artificial Limbs Manufacturing Corporation of India (ALIMCO) at Bal Vikas Sansthan, Avadi. Through this project, AVNL provided aids and appliances to 335 beneficiaries from underprivileged section in Thiruvallur District.

AVNL is deeply committed to empowering the underprivileged through CSR and support in nation-building. AVNL strives to create a ripple effect of positive change, fostering sustainable development and uplifting the lives of those who need it most.



# गणतंत्र दिवस




आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह धूम-धाम से संपन्न हुआ। मुख्यअतिथि श्री संजय द्विवेदी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समारोह के मुख्य अतिथि थे । दि. 26.01.2024 को पूर्वा. 08.00 बजे श्री संजय द्विवेदी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने ध्वजारोहण किया एवं डीएससी जवानों की सलामी ली । इस समारोह में श्री सी. रामचन्द्रन, निदेशक/वित्त, श्री बि. पट्नायक, निदेशक/मा.सं. समारोह में उपस्थित थे ।

मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण अपने परिजनों के साथ उपस्थित थे । श्रीमती रश्मि द्विवेदी, अध्यक्षा/महिला कल्याण समिति, श्रीमती दीप्तीमयी पट्नायक, उपाध्यक्षा/म.क.स. एवं अन्य सदस्याओं ने समारोह में उपस्थित हो कर समारोह की गरिमा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि श्री संजय द्विवेदी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी उपस्थितों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी । फिर उन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों को अर्पित करने वाले वीर सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि ''हम डॉ. अंबेडकर के प्रति आभारी हैं जिन्होंने भारत का संविधान बनाया ।हमारा देश जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है । हम इससे खुश हैं कि भारत आज विश्व के पांचवां बड़ा आर्थिक देश है जो कि अतिशीघ्र ही तीसरा बड़ा आर्थिक देश बनने के पथ पर अग्रसर हो रहा है । यह एक बड़ी उपलब्धि है । तकनीकी रूप से हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं । जब हम वैश्विक विकास के बारे में बात करते हैं, तो हम अपने देश के गौरवान्वित प्रतिनिधि होते हैं ।

हमने 200% की वृद्धि के साथ रु.5000 करोड़ का मील का पत्थर पार कर लिया है ।यह एवीएनएल में हम में से प्रत्येक के योगदान के कारण है, जो पिछले साल के रु. 2500 करोड़ से एक महत्वपूर्ण उछाल आया है।हालाँकि, ऑर्डर के अनुसार किए गए कार्य के असमान वितरण में कई चुनौतियाँ हैं । इसे मंत्रालय एवं सेना मुख्यालय को अवगत कराया जा रहा है । इन समस्याओं को काबू में पाने की कोशिश की जा रही है।अगले दो साल में हमारे पास एक हजार करोड़ का प्रोजेक्ट होगा और इसके साथ ही हम किसी अन्य विदेशी देश पर निर्भर नहीं रहेंगे । मुझे विश्वास है कि एवीएनएल की इकाइयों के प्रयासों से हम उत्पादकता में सुधार करेंगे।पीएलआईएस प्रत्येक स्तर पर लागू होने जा रहा है और भविष्य में ग्रुप बी तक इस का लाभ मिलेगा ।

हमारे महान राष्ट्र की शक्ति, साहस और एकता का प्रतीक भारतीय ध्वज हमेशा ऊंचा लहराता रहे । यह आनंद एवं जश्न मनाने का क्षण है ।उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु आज पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई ।''

उसके बाद मुख्य अतिथि ने कार्यालयीन कार्यों में प्रशंसनीय योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए । अंत में श्री विपुल बाजपेई, कार्य प्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह संपन्न हुआ ।

# REPUBLIC DAY




The Republic Day celebrations were held at the Armoured Vehicles Corporation Limited headquarters with pomp and show. Shri Sanjay Dwivedi, Chairman & Managing Director was the Chief Guest of the function. On 26.01.2024 at 08.00 a.m. Shri Sanjay Dwivedi, Chairman & Managing Director hoisted the Flag and took salute of DSC personnel. Shri C. Ramachandran, Director/Finance, Shri B. Pattanaik, Director/HR were present on this occasion.

Other senior officers and employees of the Corporate office were present along with their family members. Smt. Rashmi Dwivedi, President/AVNL WWA, Smt. Deeptimayee Pattanaik, Vice President/AVNL WWA and other members graced the function.

Chief Guest Shri Sanjay Dwivedi in his key note address had first extended warm Republic Day greetings to all present. He then recalled the sacrifices of the brave fighters who sacrificed their lives for the independence of the country and said that "We are grateful to Dr. Ambedkar who drafted the Constitution of India. Our country is progressing in every sphere of life. We are happy that India is today the fifth largest economic country in the world, which is very soon on its way to becoming the third largest economic country. This is a great achievement. Technically, we are moving very fast. When we talk about global developments, we are the proud representatives of our country.

We have crossed the milestone of Rs.5000 crore with a growth of 200%. This is due to the contribution of each one of us in AVNL, which has seen a significant jump from last year's Rs.2500 crore. However, there are many challenges in the uneven distribution of work carried out according to the order. This is being informed to the Ministry and Army Headquarters. Efforts are being taken to overcome these problems. In the next two years, we will have projects worth Rs 1,000 crore and with that we will not be dependent on any foreign country. I am confident that with the efforts of AVNL units, we will improve productivity. PLIS is applicable at every level and will be benefited up to Group B.

May the Indian flag, a symbol of strength, courage and unity of our great nation, always fly high. It is a moment of joy and celebration. Heartiest congratulations to all the officers and staff who received awards today for outstanding performance.

After that, the Chief Guest gave away cash awards and certificates to the officers and employees who have made commendable contribution in official work. In the end, the function concluded with a vote of thanks by Shri Vipul Bajpai, Works Manager.

# सेमिनार / SEMINAR

दि. 12.01.2024 को सीएसजी-डीडीपी ने एवीएनएल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता पर सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार में साइबर स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया और साइबर अपराधों के खिलाफ सतर्क रहने के लिए अपनाई जाने वाली संगठनात्मक सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया गया। सेमिनार में वीसी के माध्यम से एवीएनएल की सभी इकाइयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

On 12.01.2024, CSG-DDP conducted seminar on Cyber Security Awareness for all officers and employees of AVNL. The seminar emphasized on the importance of cyber hygiene and shared organizational best practices to be followed to stay vigilant against cyber crimes. The seminar was also attended by officers and employees from all AVNL units through VC.






# प्रेरक प्रसंग / Inspiring Context
# सफलता का रहस्य / வெற்றியின் ரகசியம்

एक बार एक पुत्री ने अपने पिता से शिकायत करते हुए कहा कि, "मेरी स्थिति बहुत दयनीय होती जा रही है, एक समस्या ख़त्म होने के बाद एक के बाद एक समस्या आती जा रही है। अपने कॉलेज में समस्याएँ लगातार आ रही है, मैं क्या करूँ?"

उसके पिता एक मास्टर-शेफ थे, इसलिए वे उसको रसोई में ले गये। उन्होंने बर्तनों में पानी भर कर उसे गैस पर रख दिया । जब तीनों का पानी उबलने लगा, तब उन्होंने एक बर्तन में आलू, दूसरे में अंडा और तीसरे में कॉफी के बीज डाल दिए।

और ऐसा करके बेटी और पिता दोनों उस क्रिया को देखने लगे। कुछ देर बाद पिता ने गैस बंद की और सभी को बारी बारी से कटोरी में निकालना शुरू किया, फिर कॉफी को कप में निकला दिया ।

पिता ने पुत्री से पूछा कि तुमने क्या देखा तो वह बोली आलू, अंडा और कॉफी। तब पिता के कहने पर पुत्री ने ध्यानपूर्वक देखा कि आलू कोमल हो गया था, अंडा भी अब उबल चुका था । फिर पिता ने पुत्री से कॉफी को एक घूंट पीने के लिए कहा । पुत्री ने एक घूंट पी, स्वाद होने के कारण उसका मन प्रसन्न हो गया ।

उसके पिता से इन सब का मतलब जानने की कोशिश की, तब पिता ने समझाया आलू, अंडा एवं कॉफी सभी को एक ही तरह की स्थिति मिली "गर्म पानी" । लेकिन सभी की प्रतिक्रिया भिन्न थी।

आलू के कठोर होने के बावजूद गर्म पानी से वह खुद ही कोमल हो गया । ऐसा ही कुछ अंडे के साथ हुआ, लेकिन जो कॉफी के बीज थे, अलग प्रकृति के होने के कारण उसने पानी को ही परिवर्तित करके कुछ नया पदार्थ बना दिया।

उसी प्रकार जब समस्या तुम्हारे पास आई तो, आई हुई समस्या के प्रति तुम्हरी प्रतिक्रिया ही तुम्हें सफल बनाती है या तो तुम खुद बदल जाओ या फिर परिस्थिति को बदलकर सफल हो जाओ दोनों ही तुम्हारे हाथ में है।

सीखः

समस्या के प्रति हमारा दृष्टिकोण ही हमें सफल-असफल बनाता है।



ஒருமுறை ஒரு மகள் தன் தந்தையிடம் முறையிட்டாள், “என் நிலைமை மிகவும் பரிதாபமாகி வருகிறது, ஒரு பிரச்சினை முடிந்ததும், ஒன்றன் பின் ஒன்றாக பிரச்சினை வருகிறது. நான் எனது கல்லூரியில் தொடர்ச்சியான பிரச்சினைகளை எதிர்கொள்கிறேன், நான் என்ன செய்ய வேண்டும் அப்பா?"

அவளது தந்தை ஒரு மாஸ்டர்-செஃப். எனவே அவர் அவளை சமையலறைக்கு அழைத்துச் சென்றார். அவர் 3 பாத்திரங்களில்தண்ணீர் நிரப்பி கேஸ் அடுப்பில் வைத்தார். மூன்றின் தண்ணீரும் கொதிக்க ஆரம்பித்ததும், ஒரு பாத்திரத்தில் உருளைக்கிழங்கும், இரண்டாவது பாத்திரத்தில் முட்டையும், மூன்றாவது பாத்திரத்தில் காஃபி கொட்டையும் போட்டார்.

சிறிது நேரம் கழித்து, தந்தை அடுப்பை அணைத்து விட்டு, பாத்திரத்தில் இருந்த அனைத்தையும் ஒவ்வொன்றாக எடுக்கத் தொடங்கினார், பின்னர் கோப்பையில் காஃபியை ஊற்றினார்.

தந்தை மகளிடம், “என்ன பார்த்தாய்?” என்று கேட்டார், அவள் உருளைக்கிழங்கு, முட்டை மற்றும் காஃபி என்று சொன்னாள். பின்னர், தந்தை நன்றாக கவனித்து சொல்லச் சொன்னார். அவள், உருளைக்கிழங்கும், முட்டையும் மென்மையாகி உள்ளதைச் சொன்னாள். பின் தந்தை மகளிடம் காஃபி குடிக்கச் சொன்னார். மகள் காஃபி குடித்து விட்டு சுவையால் மகிழ்ச்சியடைந்தாள்.

இதற்கெல்லாம் அர்த்தத்தை தன் தந்தையிடமிருந்து கேட்டாள். அதற்கு அவர், “உருளைக்கிழங்கு, முட்டை, காஃபி எல்லாவற்றுக்கும் "சூடான நீர்" போன்ற நிலையே கிடைத்தது” என்று விளக்கினார். மேலும் அவர் “ஒவ்வொரு பொருளின் எதிர்வினையும் வித்தியாசமாக உள்ளது. உருளைக்கிழங்கு கடினமாக இருந்தாலும், அது சூடான நீரில் மென்மையாக மாறியுள்ளது. முட்டையிலும் இதே போன்ற ஒன்று நடந்தது, ஆனால் காஃபி விதைகள், வேறுபட்ட இயல்புடையதால், தண்ணீரை ஒரு புதிய பொருளாக மாற்றியுள்ளது.

அதே போல, உனக்கு ஒரு பிரச்சினை வரும்போது, அந்தச் சிக்கலுக்கான உன்னுடைய எதிர்வினையே உன்னை வெற்றியடையச் செய்கிறது. ஒன்று உன்னை நீயே மாற்றிக் கொள்ள வேண்டும் அல்லது சூழ்நிலையை மாற்றுவதன் மூலம் நீ வெற்றி பெறுவாய்” என்று விளக்கினார்.

நீதி :

பிரச்சனைக்கான நமது அணுகுமுறை நம்மை வெற்றியடையச் செய்கிறது அல்லது தோல்வியடையச் செய்கிறது.


**हमारे साथ जुडे रहें**

**STAY IN TOUCH WITH US**

avnl.co.in

Official.AVANI.PR

avani_pr

पंजीकृत कार्यालय Registered Corporate Office

C/o. Armoured Vehicles Corporate Office, HVF Road,
Bhaktavatsalapuram, Avadi, Chennai, Tiruvallur Dist, Tamil Nadu -600 054
Mobile: +91 44 2638 3601, +91 426383654